an>

Title: Need to provide stoppage for various express trains at Arrah in Bihar.

श्री आर.के.सिंह (आरा) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र आरा शाहबाद क्षेत्र का प्रमुख शहर है। शाहबाद क्षेत्र में चार-पांच जिले हैं और प्रमुख शहर आरा है। पूरे बिहार में रेलवे की आमदनी में से दूसरे नम्बर पर सबसे ज्यादा आमदनी आरा शहर से आती है। जितनी भी महत्वपूर्ण ट्रेनें हैं जैसे कोलकाता, हावड़ा, पटना और दिल्ली के बीच में सब आरा हो कर गुजरती हैं लेकिन ये ट्रेनें आरा में नहीं रुकती हैं। शाहबाद से भोजपुरी बोलने वाले लोग देश के विभिन्न भागों में हैं चाहे दिल्ली हो, मुम्बई हो, अहमदाबाद हो बल्कि विदेशों में जैसे वेस्टेंडीज वगैरह में भी हैं। इन लोगों को हर बार परेशानी झेलनी पड़ती है और ट्रेन पकड़ने के लिए पटना आना पड़ता है। मेरी सरकार से मांग है कि हावड़ा-हरिद्वार एक्सप्रेस, पटना-जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस, पटना-सिकन्दराबाद एक्सप्रेस, विक्रमशीला एक्सप्रेस, पटना-इंदौर एक्सप्रेस, आसनसोल-मुम्बई एक्सप्रेस, अकालतख्त एक्सप्रेस और सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का ठहराव आरा में हो। इससे पूरी भोजपुरी सभ्यता का कल्याण होगा। भोजपुरी केवल शाहबाद में ही सीमित नहीं रह गई है बल्कि पूरे देश में फैल गई है।